Moving Every Mile With A Smile

# संvad

## Maheshwari Logistics Ltd.

Coal | Logistics | Paper

July - September 2022
ISSUE 16

गतिस्त्वमं गतिस्त्वमं त्वमेका भवानी ।।

*You are the way, the only way Bhawani*



## स्पर्श

Effort - कोशिश

इंतज़ार करने वालों को उतना ही मिलता है जितना कोशिश करने वाले छोड़ देते हैं।

सफलता उन्हीं को मिलती है, जिनके जीवन का एक लक्ष्य होता है और वे अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार होते हैं। अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए सच्चा दृढ़ संकल्प लेते हैं और इसके लिए लगातार कोशिश करते रहते हैं।

किसी भी सफलता की शुरुआत कोशिश करने से ही होती है। एक बार चन्द्रगुप्त ने चाणक्य से पूछा "किस्मत पहले लिखी जा चुकी है तो कोशिश करने से क्या मिलेगा" इस पर चाणक्य ने जवाब दिया "क्या पता किस्मत में लिखा हो कोशिश करने से ही मिलेगा"इसीलिए सफल होना है तो कोशिश तो करनी ही पड़ेगी।

एक इंसान किसी स्थान पर जाता है और अगर उसे वहाँ जाने का मार्ग ज्ञात नहीं है तो उसका मार्ग में ही काफी समय व्यतीत हो जाता है। पर जब वो वापस उस स्थान पर जाता है तब उसके पास मार्ग का ज्ञान तो होता ही है साथ में मार्ग में आने वाली समस्यायों से निकलने का अनुभव भी होता है। इसी प्रकार जब व्यक्ति कोशिश करता है तो उसको जीवन में अनेक अनुभव प्राप्त होते हैं जो कभी भी व्यर्थ नहीं जाते। जीवन में कभी ना कभी किसी ना किसी रूप में समस्याओं के समाधान में इन अनुभवों का प्रयोग अवश्य होता है।

कोशिश कर, हल निकलेगा  
आज नहीं तो कल निकलेगा।  
अर्जुन के तीर सा सध  
मरुस्थल से भी जल निकलेगा।  
मेहनत कर, पौधों को पानी दे  
बंजर ज़मीन से भी फल निकलेगा।  
ताक़त जुटा, हिम्मत को आग दे  
फौलाद का भी बल निकलेगा।  
ज़िंदा रख दिल में उम्मीदों को  
गरल के समंदर में भी गंगाजल निकलेगा।  
कोशिशें जारी रख कुछ कर गुजरने की  
जो है आज थमा थमा सा,  
कल चल निकलेगा।।

Mukta Maheshwari
Editor - Samvad



## समन्वय

साथियों

आशा करता हूँ आप सब स्वस्थ होंगे। इस बार मैं आप सब से व्यापार की जगह निजी जीवन के बारे में बात करना चाहता हूँ। इस बार हमने १३ जुलाई २०२२ को हमारे घर के एक बहुत ही प्रिय सदस्य श्री मनीषजी काबरा को उनकी बहुत ही कम उम्र में खो दिया। उनके जाने का दुख सभी को है पर सबसे ज्यादा तकलीफ़ इस बात की है कि वे हम सब का साथ असमय छोड़ कर चले गए। साथियों ऐसी घटना बीतने से ऐसा लगता है कि जीवन का कोई भरोसा नहीं है। ऐसा हँसता खेलता इंसान सिर्फ़ हमारी यादों का हिस्सा बन कर रह गया है। मेरी आप सब से यही विनती है कि अपना जीवन खुल कर जिएँ। अपने काम के साथ-साथ अपने परिवार को, दोस्तों को, अन्य महत्वपूर्ण लोगों को और अपने पसंदीदा कार्यों को पूरा समय दीजिए। किसी से भी अगर आपका मनमुटाव हो तो उसे बड़ा दिल रख कर माफ़ कर दीजिए। किसी से अपने मन की बात करना चाहते हैं तो इंतजार किए बिना अभी इसी वक़्त खुल कर बात करिए।

जहाँ तक हमारे देश और संस्कृति का सवाल है तो आज भी 99% घरों में पति व्यापार सम्भालता है और पत्नी घर। बहुत से घरों में पत्नी को पति के काम के बारे में कुछ भी मालूम नहीं होता है। पर मैं चाहूँगा कि आप अपनी पत्नी और घरवालों को अपने निवेश, पूँजी, बीमा, लेन-देन का हिसाब, या ऐसी कोई भी जरुरी जानकारी से अवगत कराते रहें। ये मान कर रखिए ये सब जानकारी दे कर आप उनके जीवन को सरल ही बना रहे हैं।

एक बार मैंने कहीं सुना था जो मैं आज तक भुला नहीं पाया हूँ -

सोचिए आपके सामने २ परिस्थिति हैं

१. आप अपनी दिनचर्या जी रहे हैं जिसमें आपको नहीं पता कब क्या होने वाला है तब आपका व्यवहार अपने प्रियजनों के प्रति कैसा होगा ?
२. आपको पता है कि आपके पास आख़िरी २४ घंटे बचे हैं, तब उन्हीं लोगों के साथ आपका व्यवहार कैसा होगा ?

क्या आपको लगता है दोनों परिस्थिति में आपके व्यवहार में फर्क होगा। यदि हाँ तो क्यूँ ना हम वो फर्क आज ही हमारे जीवन में ले आएँ।

मृत्यु के बारे में बातें करना निराशाजनक है पर यही जीवन का सत्य है कि मृत्यु निश्चित है। हम इसे जितना शालीनता से अपना कर जीवन को पूरी ज़िंदादिली से जी कर अपनी एक अलग पहचान बनाएँ यही हमारी ख़ासियत है।

Varun Kabra
MD, Maheshwari Logistics Ltd.



लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती,  
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

हरिवंश राय बच्चन

# IN HOUSE TALENT

## *Congratulations to our well wishers....*

*Karan Desai: Active participation in Indoor Sports Tournament organized by Rotary Vapi Riverside*




*Ramawtar Kabra: Received certificate of appreciation by Indian Coal Merchants Association for contribution to Coal Industry*




## *Outstanding Results*

***S. Madhukar :*** *1st in Gyan Dham School and Valsad Dist, 12th board. Felicitated by Kanubhai Desai, Finance Minister of Gujarat*



***Krish Maniyar***
*SGPA-8.62*
*B.Tech I.T.*
*KPGU University*
*Vadodra*



***Yashvi Maheshwari***
*Passed 12th*
*IB Board*



***Siya Kabra***
*85%*
*CBSE Board*



***Dhairya Soni***
*Passed*
*10th CBSE Board*



***Congratulations to Vidhi Maheshwari for***



*Winning Swimming Competition organised by Awadh, VAPI*

*Participation in making Eco-Friendly Ganesha which got published in 'Gandhinagar Metro Newspaper'*



*Participation in Drawing Making for Azadi Ka Amrit Mahotsav (75th Independence Day), published in 'The Children's Newspaper'*






*Raghav Maheshwari*
*92.8% 10th CBSE Board*



*Disha Maheshwari*
*90.2%10thCBSE Board*



*Palash Maheshwari*
*B.Tech Degree*

# धारणा

एक लड़का अपने दादाजी की पुणयतिथि पर पण्डित को खाना खिलाने के लिए मंदिर के लिए निकला। भूल वश मस्ज़िद में चला गया, वहां खड़े आदमी से उसने पूछा आप पंडितजी हैं इस पर वह उस लड़के से बोला आप गलत जगह आ गए हो लड़के ने मस्जिद के चारों तरफ नजर घुमाकर पूछा यह गलत जगह है ?

तब मौलवी पलट कर बोला जगह गलत नहीं है आप गलत आ गए हो लड़के ने पूछा आप कौन हैं ? इस पर वह बोला मैं यहाँ का मौलवी हूँ तो लड़के ने कहा आप यह खाना यहाँ खा लीजिए मेरे दादाजी को मिल जाएगा मौलवी बोला यह काम पण्डित ही कर सकता है लड़का भी हठी था उसने कहा तो आप विद्या में पण्डित से कम हैं क्या ?

मंदिर में भगवान और पुजारी होते हैं ठीक उसी प्रकार मस्जिद में अल्लाह व मौलवी होते हैं।

मन्दिर मस्जिद ईश्वर अल्लाह पंडित मौलवी सब एक ही हैं। बस हमारी धारणा अलग अलग है।



फतेह सिंह सिहडार, गांधीधाम

# नवरात्रि क्युं मनाते है ?





कहा जाता है कि इस पर्व के पीछे यह घटना है -

महिषासुर और देवी दुर्गा का युद्ध शुरू हुआ जो नौ दिनों तक चला और दसवें दिन माँ दुर्गा ने महिषासुर का वध किया। मान्यता है कि इन नौ दिनों में देवताओं ने रोज़ देवी की पूजा-आराधना कर उन्हें बल प्रदान किया, तब से ही नवरात्रि का पर्व मनाने की शुरुआत हुई। और आखिरी दिन माँ की पूजा करके नौ कन्याओं को भोजन भी कराते हैं।

नवरात्रि पर देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। इस त्योंहार को बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। नवरात्रि में लोग नौ दिन व्रत रखते हैं और आखिरी दिन माँ की पूजा करके नौ कन्याओं को भोजन भी कराते हैं। कई जगहों पर लोग माता की झांकी या जागरण भी करवाते हैं। गुजरात में लोग पारंपरिक कपड़े पहन कर डांडिया और गरबा खेलते हैं। यह त्योंहार अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग तरीक़े से मनाया जाता है।






टीना भंडारी, वापी

# खेल खेल में

## Crossword Puzzle



| ACROSS | DOWN |
| --- | --- |
| 1. color of the sky | 2. antonym for new |
| 3. to put in your hands | 4. My pool is __ than yours. |
| 5. apple and pumpkin are types of this | 5. use this to call people |
| 6. add an e to the word cut | 6. past tense of come |
| 9. unscramble: egear | 7. past tense of tell |
| 10. unscramble: mnia | 8. has a tail and flies in the sky |
| 11. a clock tells you this | 9. surprised |
| 12. unscramble: lead | 10. breakfast is one of these |
| 14. day before Saturday | 13. a triangle is this |
| 15. where you live | 16. put your lunch on this |
| 17. She __ her bed. | |

## RIDDLES



1. Which no. doesn't go with the rest?
   3 6 9 10 12

2. What is the side of a square whose area and perimeter are same number?

(Riddles given by Divolka Jajoo, Surat)

पिछले अंक में प्रकाशित रिडल्स के सही जवाब है...

1. 25 2. 1.A-6 or 9, B-6 or 9, C-6, D-12

रिडल्स नं २ के सही जवाब देने वालों के नाम है...

Vapi- Amit Parmar, Rahul Patel, Priyanka Dubey
Surat- Royal Patel, Balbir Rathore
Ahmedabad- Reena Desai, Yogesh Poddar

Last edition Sudoku Solved by :
Surat- Balbeer Rathore
Ahmedabad- Reena Desai, Yogesh Poddar

रिडल्स के सही जवाब आपको 15th November तक भेजने है।
जिनके भी जवाब सही होंगे, उनमें से लकी ड्रॉ के द्वारा 5 नाम चुन कर संवाद के अगले अंक में उत्तर के साथ प्रकाशित किए जाएँगे ।

# GLIMPSE OF EVENTS



Driver's Training at Dahej, Bharuch



Vaccination Camp at Ambethi Factory, Vapi
105 Employees Vaccinated





Ganpati Celebration at Ambethi Factory, Vapi



Vishwakarma Pooja at MLL House, Vapi



Visit to Yarn Expo at Surat





Alternate use of Paper

## घर के लिए महत्वपूर्ण वास्तु नियम




हम सभी चाहते हैं कि हमारा घर पूर्ण रूप से वास्तु के अनुरूप हो परन्तु किसी के घर की Facing सही नहीं होती है, कहीं Kitchen गलत Zone में बना होता है, किसी के घर में मंदिर ईशान में नहीं होता है, ऐसे ही घर में बहुत सा Construction वास्तु के अनुरूप नहीं होता है जिस कारण हमारे घरों में Positive Energy का प्रवाह सुचारु रूप से नहीं हो पाता है, और हमें मनचाहा परिणाम नहीं मिल पाता है। आज मैं आप सभी को इस तरह के वास्तु दोष के निवारण के लिए एक रामबाण उपाय बताऊँगा जिसको करने से आपके घर में अगर किसी भी प्रकार का वास्तु दोष है तो वो १००% समाप्त हो जायेगा और Positive Energy का प्रवाह पूरे घर में होगा।

किसी भी शुभ दिन का चयन कर अपने घर में अखण्ड रामायण का पाठ कराएँ, पूरे भक्ति भाव से अपने परिवार के साथ इसको संपन्न करें। अपनी सामर्थ्य के अनुसार हर साल या 2-3-5-7 साल में एक बार अखण्ड रामायण का पाठ कराने का संकल्प लें। अखण्ड रामायण का पाठ कराने के बाद अगर किसी भी प्रकार का वास्तु दोष है तो वो प्रभु की कृपा से स्वतः समाप्त हो जायेगा और आप निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेंगे।



सचिन त्रिपाठी, वापी

majithia - 9825268468